उन्नाव के नवाबगंज में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाने का प्रस्ताव

चर्चा में क्यों?

20 सितंबर, 2022 को कानपुर विकास प्राधिकरण (केडीए) के उपाध्यक्ष अरविंद सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश के उन्नाव ज़िले के नवाबगंज में जेवर से भी बड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाने का प्रस्ताव पेश किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- दिल्ली-एनसीआर की तर्ज़ पर लखनऊ-कानपुर राज्य राजधानी क्षेत्र में तीन और शहरों- सीतापुर, रायबरेली तथा हरदोई को भी शामिल किया गया है। इससे पहले लखनऊ और कानपुर के अलावा उन्नाव और बाराबंकी शहर ही शामिल थे।
- केडीए के उपाध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट बनने के लिये लगभग 10 हज़ार एकड़ ज़मीन की ज़रूरत होगी। ज़मीन को चिह्नित करने का कार्य शुरू हो गया है।
- अरविंद सिंह ने बताया कि इस प्रोजेक्ट को तैयार करने में लगभग 9 महीने लगे हैं। नवाबगंज के पास इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाना इसलिये भी ज़रूरी है, क्योंकि अमौसी एयरपोर्ट का विस्तार अब और नहीं हो सकता।
- शासन के निर्देश पर केडीए ने राज्य राजधानी क्षेत्र के तहत जो कॉन्सेप्ट प्लान बनाया है, उसमें नवाबगंज पक्षी विहार से एयरपोर्ट की न्यूनतम दूरी 5 किमी. रखी गई है, ताकि पक्षियों के हैबीटेट पर कोई असर न पड़े।
- इस एयरपोर्ट का फायदा न सिर्फ राज्य राजधानी क्षेत्र, बल्कि बुंदेलखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश के शहरों, झारखंड, बिहार और मध्य प्रदेश तक के लोगों को मिलेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/proposal-to-build-an-international-airport-at-nawabganj-in-unnao